मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 194, मुंबई, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






# मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

## भारी बारिश में उतर रहा प्लेन रनवे से फिसला, 3 जख्मी, सभी उड़ानें ठप

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है। गुरुवार शाम एक प्राइवेट विमान भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसा तब हुआ जब चार्टर्ड विमान मुंबई एयरपोर्ट के रनवे नंबर 27 पर उतर रहा था। हादसे के बाद एयरपोर्ट पर मौजूद आपात टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे में घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर फिलहाल विमानों का परिचालन रोक दिया गया है। अधिकारियों की टीम अभी हालात का जायजा ले रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट वीटी-डीबीएल उड़ान विशाखापट्टनम के विजाग से मुंबई आ रही थी। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते समय विमान फिसल गया और रनवे से उतर गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# भीख मंगवाने के लिए 2 हजार में खरीदी लड़की, टॉर्चर किया... अब 15 लोगों पर एफआईआर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे माता-पिता ने अपनी ही बेटी का दो हजार रुपये में सौदा कर लिया। इतना ही नहीं, बच्ची को खरीदने वाले शख्स ने उसे भीख मांगने पर मजबूर किया। मासूम को प्रताड़ित किया। पुलिस ने इस चौंकाने वाली घटना में अब तक 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, पुणे की येरवडा पुलिस स्टेशन में 15 लोगों के खिलाफ मामला



दर्ज किया गया है। पीड़ित लड़की का नाम सोनाली अनिल पवार है। इस मामले का पदार्फाश तब हुआ जब शुभम शंकर लोखंडे ने येरवडा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने मां नीलाबाई अनिल पवार, पिता अनिल हीरा पवार और लड़की को खरीदने वाले अनिल जाधव और लक्ष्मी अनिल जाधव और बिचौलिए भगवान पवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपी कर्जत जिले के अहमदनगर के मिरजगाव के रहने वाले है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# अंडरवियर और बच्चे के डायपर में छुपाया था 2 करोड़ का गोल्ड

## सिंगापुर से आये परिवार की एयरपोर्ट पर खुली पोल, एक ही परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लिया

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर सतर्क कस्टम अधिकारियों ने करोड़ों रुपये के सोने की तस्करी नाकाम की है। कस्टम विभाग ने एयरपोर्ट पर गोल्ड की तस्करी का पदार्फाश करते हुए एक ही परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी दंपति ने सोना अपने अंडरवियर और बच्चे के डायपर छुपाया था। मामले की जांच चल रही है। आरोपी यात्रियों के पास से लगभग दो किलो सोना बरामद किया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई सिटी क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने 4 करोड़ की एमडी ड्रग्स जब्त की

**मुंबई हलचल/ संवाददाता।** मुंबई सिटी क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ 24 घंटे तक चले विशेष अभियान के दौरान मुंबई पुलिस ने कम से कम 328 लोगों की जांच की। इसके बाद, ड्रग्स के खिलाफ एक और ऑपरेशन में, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने दो लोगों को पकड़ा और 4 करोड़.रुपये से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया। पुलिस ने कहा कि दोनों ऑपरेशन बुधवार को आयोजित किए गए।

विशेष अभियान में पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया. संदिग्धों के पास एमडी, कोकीन और गांजा सहित नशीले पदार्थ पाए गए। इन्हें मालवानी, देवनार और धारावी इलाकों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक विदेशी नागरिक है।



## तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए तलाश शुरू

क्राइम ब्रांच यूनिट-9 की कार्रवाई में दोनों आरोपियों पर ड्रग डीलर होने का संदेह है। उनकी पहचान 26 वर्षीय अरशद अहमद शेख और 26 वर्षीय इमरान नूर मेमन के रूप में हुई, उनके पास रुपये की एमडी दवाएं थीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुसार, प्रत्येक की कीमत 2.3 लाख है। अरशद अहमद शेख और इमरान नूर मेमन दोनों अंधेरी के डीएन नगर इलाके में पाए गए थे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों का एक और साथी है जिसका नाम दिशासन खान उर्फ बटाटा है, जिसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# ये हाल बना लिया!



**यूरोपीय संघ के देश रूसी तेल नहीं खरीदते हैं, लेकिन वे वह डीजल खरीदते हैं, जो इस रूसी तेल को कहीं और रिफाइन करने के बाद प्राप्त होता है। इससे ईयू के प्रतिबंध नाकाम होते हैं।**

यूरोपीय देशों ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस के खिलाफ सख्त प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई भावावेश में की या अमेरिकी दबाव में- इस बारे में कयास लगाने की पूरी गुंजाईश है। लेकिन यह बात अब लगभग साफ हो गई है कि इस कदम के पीछे रणनीतिक सोच का अभाव था। इसका तीजा यह हुआ है कि यूरोप की समृद्धि खतरे में पड़ गई है। पूरे यूरोप में महंगाई और ऊर्जा संकट के कारण वहां के उद्योग धंधे अभूतपूर्ण चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस बीच रूस की प्राकृतिक गैस की भरपाई के लिए यूरोपीय देश ना सिर्फ अमेरिका से महंगी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) खरीद रहे हैं, बल्कि रूस की प्राकृतिक गैस और एलएनजी परोक्ष रूप से दूसरे देशों के जरिए खरीद रहे हैं। भारत जैसे देश को इसका भारी लाभ मिला है। गौरतलब है कि पश्चिमी देश रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना करते आए हैं। लेकिन ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत उसी रूसी तेल को प्रोसेस कर जो पेट्रोलियम उत्पाद बना रहा है, उन्हें जर्मनी भारी मात्रा में खरीद रहा है। और यह कहानी सिर्फ जर्मनी की नहीं है। जर्मनी की राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी डेस्टाटिस के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी से जुलाई के बीच जर्मनी ने करीब 40 अरब रुपये मूल्य के भारतीय पेट्रोलियम उत्पाद खरीदे हैं। उनमें से अधिकांश उत्पाद ऐसे कच्चे तेल से बने, जो भारत ने रूस से खरीदा था। 2022 में जर्मनी ने इसी अवधि में 3.29 अरब रुपए मूल्य के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदे थे, यानी एक साल बाद जर्मनी की खरीद में 1,100 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी उसी समय हुई, जब भारत बड़ी मात्रा में रूस से कच्चा तेल आयात कर रहा है। कुछ समय पहले यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने लिखा था कि यूरोपीय संघ के देश रूसी तेल नहीं खरीदते हैं, लेकिन वे वह डीजल खरीदते हैं, जो इस रूसी तेल को कहीं और रिफाइन करने के बाद प्राप्त होता है। इससे ईयू के प्रतिबंध नाकाम होते हैं। तो फिर सवाल है कि इस पूरे प्रकरण को यूरोप को हासिल क्या हुआ?

# अगले चुनाव में संस्कृतियों का संघर्ष भी!



**सबसे** पहले यह साफ कर देना जरूरी है कि संस्कृतियों का संघर्ष और सभ्यताओं का संघर्ष बिल्कुल अलग अलग चीजें हैं। ढेर सारी संस्कृतियों को मिला कर एक सभ्यता या एक देश का निर्माण होता है। भारत इसकी मिसाल है। यह अनेक संस्कृतियों का समुच्चय है और सामाजिक स्तर पर इन संस्कृतियों के बीच सतत टकराव चलता रहता है, जिससे सामाजिक सुधारों का रास्ता बनता है। लेकिन शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि संस्कृतियों का सवाल राजनीति और चुनाव का मुद्दा बना हो। यह संभवतः पहली बार है, जब संस्कृति के सवाल राजनीति के केंद्र में हैं और बहुत संभव है कि अगले चुनाव में सांस्कृतिक मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक मुद्दों से इतर संस्कृति, भाषा, परंपरा, खान-पान और मान्यताओं से जुड़े मुद्दे भी मुख्य भूमिका में होंगे।

सतह के नीचे ये मुद्दे बहुत दिन से मौजूद थे और खदबदा रहे थे लेकिन हाल की कुछ घटनाओं ने इसे सतह के ऊपर ला दिया और लोकप्रिय राजनीतिक विमर्श का मुद्दा बना दिया है। पहली घटना विपक्षी पार्टियों के गठबंधन द्वारा अपना नाम इंडिया रखने की है। इसके बाद इंडिया बनाम भारत की बहस छिड़ी, जो जी-20 शिखर सम्मेलन में चारों तरफ दिखाई दी। ध्यान रहे यह कोर राजनीतिक सवाल नहीं है। यह सभ्यता और भाषा दोनों का सवाल है। जिस दिन से यह विवाद सार्वजनिक स्पेस में पहुंचा है उस दिन से व्हाट्सऐप पोस्ट शेयर हो रहे हैं कि जब दुनिया के किसी देश का नाम अंग्रेजी और हिंदी में अलग अलग नहीं है तो भारत का भी नहीं होना चाहिए। इससे अपने आप अंग्रेजी और हिंदी की बहस छिड़ी है, जिसमें दक्षिण भारत के राज्य स्वाभाविक रूप से शामिल होंगे। जिस तरह जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की कुर्सी के आगे भारत लिखा गया था या प्रधानमंत्री ने जिस तरह से अपने संबोधन में हर बार सिर्फ भारत का इस्तेमाल किया या जिस तरह आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम से लेकर पूरे कार्यक्रम में हर तरफ सिर्फ भारत लिखा दिखा उससे यह बहस आगे बढ़ेगी। अगला चुनाव आते आते यह भाषा का बड़ा सवाल बनेगा।

इस तरह इस एक मुद्दे में दो मुद्दे हो गए। पहला मुद्दा इंडिया बनाम भारत का है और दूसरा भाषा का है। इंडिया बनाम भारत में आधे-अधूरे या झूठे-सच्चे तथ्यों और तर्कों के आधार पर यह साबित किया जा रहा है कि इंडिया नाम अंग्रेजों या यूरोपीय लोगों का दिया हुआ है और गुलामी का प्रतीक है, जबकि भारत स्वदेशी नाम है, जिसकी जड़ें धार्मिक मान्यताओं में निहित हैं और सदियों से यह नाम प्रचलित है। यह अलग बात है कि इंडिया और भारत दोनों नाम जब चलन में आए तो विंध्य पार का हिस्सा इनमें शामिल नहीं था। हकीकत यह है कि दोनों की उत्पति उत्तर भारत में है। इंडिया नाम की उत्पति सिंधु से हुई है। वह लंबी कहानी है कि कैसे सिंधु से हिंदू हुआ और फिर उसे इंडस, इंडिका या इंडिया हुआ। इसी तरह भारत को लेकर धार्मिक मान्यता है कि दुष्यंत व शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर यह नाम पड़ा या अयोध्या के राजा दशरथ के दूसरे पुत्र भरत के नाम से पड़ा। लेकिन ऐतिहासिक तथ्य मौजूदा समय की रावी नदी के तट पर 10 राजाओं को पराजित करने वाले राजा के नाम से देश का नाम भरत होने का संकेत देते हैं। सो, इंडिया और भारत दोनों नामों की उत्पत्ति उत्तर भारत से है। अगर मोटा-मोटी कहें तो यह विवाद इस बात का है कि भारत सनातन का प्रतीक है और इंडिया सनातन का कंट्रास्ट या उसका विरोधी है।

तभी यह अनायास नहीं है कि तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर बेहद तीखा बयान दिया। उदयनिधि के साथ साथ उनकी पार्टी के सांसद ए राजा ने भी सनातन पर बेहद अपनाजनक बयान दिया। लेकिन दिलचस्प बात है कि भाजपा और कुछ हिंदू संगठनों को छोड़ कर किसी ने उनके बयानों की तीखी आलोचना नहीं की। दक्षिण में तो कहीं आलोचना सुनने को नहीं मिली। उलटे इस आधार पर उदयनिधि के बयान को न्यायसंगत ठहराया गया कि उन्होंने सनातन का विरोध यह कहते हुए किया कि वह दलितों, पिछड़ों, वंचितों, आदिवासियों, महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह और भेदभाव वाला है। उन्होंने जातिप्रथा और पितृसत्तात्मक मान्यताओं के उन्मूलन की बात कही, जो सनातन की पहचान है। तमिलनाडु में उदयनिधि ने जो किया वह काम बिहार में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य पहले शुरू कर चुके हैं। सनातन के केंद्र में ब्राह्मण और अन्य अगड़ी जातियां हैं तो उसके कंट्रास्ट में पिछड़े, दलित, आदिवासी हैं। सो, यह संस्कृतियों के संघर्ष का तीसरा मुद्दा है। पहला, इंडिया बनाम भारत, दूसरा, हिंदी बनाम अंग्रेजी और तीसरा, सनातन बनाम पिछड़ा-दलित-आदिवासी-महिला आदि।

इसी से जुड़ी चौथा मामला है शाकाहार और मांसाहार का। खान-पान का मामला बेहद निजी होता है लेकिन यह प्रत्यक्ष रूप से संस्कृतियों से जुड़ा है। सनातन बनाम अन्य की बहस का एक बड़ा मुद्दा है यह। तभी अनायास नहीं है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के घर जाकर मटन पकाया और उसका लंबा वीडियो पोस्ट किया तो दूसरी ओर जी-20 शिखर सम्मेलन का पूरा मेन्यू शाकाहारी रखा गया और उसे प्रचारित भी कराया गया। सोचें, एक तरफ राहुल गांधी और लालू प्रसाद का पूरा परिवार खड़े होकर मटन पका रहा था और देश के लोगों को मटन पकाने का तरीका सिखा रहा था तो दूसरी ओर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से विदेशी मेहमानों को शाकाहारी भोजन कराया जा रहा था! जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए लगभग सभी विदेशी मेहमान सांस्कृतिक रूप से मांसाहार करने वाले होंगे। लेकिन मेहमान की खान-पान की संस्कृति और रूचियों की बजाय भारत सरकार ने मेजबान की रूचि का खान-पान परोसा। आमतौर पर ऐसा नहीं होता है। लेकिन भारत ने ऐसा किया तो उसके पीछे कहीं न कहीं सनातन की सांस्कृतिक श्रेष्ठता प्रदर्शित करने का भाव था। ध्यान रहे भारत में 75 फीसदी से ज्यादा आबादी मांसाहार करती है और यह धर्म से ज्यादा लोगों की आर्थिक स्थितियों से जुड़ा मामला है।

कुल मिला कर संस्कृति, परंपरा, भाषा आदि के सवाल अगले चुनाव से पहले जिस तरह से उठाए जा रहे हैं या अपने आप राजनीतिक, सामाजिक विमर्श के केंद्र में आ रहे हैं उससे लग रहा है कि अगले चुनाव में इनकी बड़ी भूमिका होगी। राजनीति से जुड़े मुद्दे अपनी जगह होंगे, सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाएगी और विपक्ष कमियां बताएगा। भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि के आरोप भी लगेंगे। मुफ्त की रेवड़ी की भी भूमिका होगी। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा होगा कि संस्कृति का सवाल राजनीति की दिशा तय करेगा। भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए यह तलवार की धार पर चलने जैसा है। भाजपा को उम्मीद है कि सनातन, ब्राह्मण, हिंदी, शाकाहार, भारत और राम का नाम अंततः व्यापक हिंदू समाज को उसके लिए वोट डालने को मजबूर करेगा तो दूसरी ओर विपक्ष को लग रहा है कि सनातन विरोध, इंडिया, मांसाहार, अहिंदा, पिछड़ा आदि का मुद्दा आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़े तमाम लोगों को भाजपा के खिलाफ एकजुट कर देगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

# खैरख्वाही फाउंडेशन संस्था द्वारा 105 वां उर्स ए आला हजरत के अवसर पर उलमा ए किराम के लिए मुफ्त मेडिकल शिविर का किया गया आयोजन

**मुंबई हलचल / अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** 105 वा उर्स ए आला हजरत के अवसर पर खरख्वाही फाउंडेशन संस्था द्वारा उलमा ए किराम के लिए मुफ्त मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर खरख्वाही फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष जनाब मुजाहिद अत्तरी ने दैनिक मुंबई हलचल के पत्रकार अब्दुस समद खान को जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारी संस्था के माध्यम से उलमा ए किराम के लिए मुफ्त मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें मशीन से आंखों की जांच की गई जिन्हें लोगों को चश्मे की आवश्यकता थी उन्हें चश्मा दिए गए इस महीने तकरीबन मेडिकल शिविर में 122 मरीज ने लाभ उठाया है उन्होंने बताया हमारी संस्था खरख्वाही फाउंडेशन जो बुजुगर्ने दीन के उर्स के अवसर पर आवाम ओ खास के लिए मुफ्त मेडिकल शिविर का आयोजन हमारी चैरिटेबल क्लिनिक पर रखते हैं हमारी संस्था द्वारा पिछले 11 महीनों से 12वीं शरीफ के अवसर पर जनता के लिए मुफ्त मेडिकल शिविर का आयोजन किया




जाता है जिसमें आने वाले मरीज को मुफ्त में दवा दी जाती है हमारी संस्था और अब फाऊंडेशन आफ हेल्पिंग हैंड्स इनके साथ जुड़कर 12वीं शरीफ की निस्बत से मुफ्त मेडिकल शिविर का आयोजन हर महीने करता है जिसमें गरीब और सफेद पोश लोग इसका भरपूर लाभ उठाया करते हैं मुजाहिद ने बताया उलेमा ए किराम की खिदमत करते हुए अब तक मुंब्रा शहर के 50 से ज्यादा उलमा ए किराम मुफ्त मेडिकल कार्ड दिए गए हैं जिसमें यह और इनका पूरा परिवार क्लिनिक की तमाम सेवाओं में मुफ्त में दवाएं हासिल करते हैं हमारी कोशिश है दिसंबर 2023 तक मुंब्रा के तमाम उलमा ए किराम तक पहुंचे और इनकी खिदमत कर सके हमारी संस्था राशन एजुकेशन मेडिकल चैरिटेबल क्लिनिक से खिदमत कर रहा था अक्टूबर के महीने में हुजूर मोईन मियां साहब के हाथों चैरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन होगा जिसमें शहर के गरीब जनता को बहुत-बहुत राहत मिलेगी महंगाई के दौर में कुछ रुपए बच जाना और हमारे महंगे टेस्ट आधे से कम रेट में होना पर कई लोगों की दुआएं हासिल होगी हमें उसे वक्त का इंतजार है की न सिर्फ ब्लड टेस्ट बल्कि एक्स रे से लेकर सोनोग्राफी तक के टेस्ट हमारी चैरिटेबल दामों में हो हमारी दुआ है अल्लाह पाक इन्हें कामयाबी आता करें और यह सिर्फ मुंब्रा में नहीं बल्कि मुंबई और देश भर में खिदमत करें।

# टिटवाला बनेली गांव अजंता नगर में चर्च के फादर पर 15 समाजकंठको द्वारा हमला

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**टिटवाला।** गत 11 सितंबर सोमवार फादर वीए जोश एक परिवार के घर प्रार्थना करते समय 3 लोगों ने उन्हें अंदर से खींचकर बाहर निकाला और उन के साथी जो 10 से 15 की संख्या में थे फादर को लात घुसे और डंडों से मारने लगे जिससे फादर की बाई ओर की आठवीं और नववी पसली में फ्रैक्चर और आंख पर गंभीर चोट लगी है मारते समय फादर की बाइबल को नीचे रखकर उसे पर पैर रखने को कहा गया फादर के मना करने पर उनको फिर मारा



और समाज कंठकों ने बाइबल को अपने पैरों से रौंदा महिलाओं को मणिपुर जैसी रेप करके नंगा घूमाने की धमकी दी 11 सितंबर सोमवार को पास्टर पर दबाव बनाकर तकरार नहीं ली गई थी जिसके बाद पास्टर द्वारा जीतू भाई को संपर्क किया गया क्रिश्चियन समाज के नेता और क्रिश्चियन एकता समाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू भाई ठाकुर ने टिटवाला कल्याण तालुका पुलिस स्टेशन का दौरा किया वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जितेंद्र ठाकुर से मुलाकात की और एफआईआर की गई उनकी शिकायत पर पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए,325,323,34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया इस समय बड़ी संख्या में महिला पुरुष और चर्च पास्टर लोग उपस्थित थे।



**आंबेडकरी आंदोलन की युवा आवाज. आंबेडकर नगर में प्रवीण पवार के जनसंपर्क कार्यालय में आंबेडकरी आंदोलन के वरिष्ठ नेता आयु. सुनील खांबे साहब ने मुलाकात की और प्रवीण पवार को उनकी भावी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं, प्रवीण पवार और आंबेडकर आंदोलन के कार्यकताओं ने सुनील खांबे साहब का सत्कार किया**

## हापुड़ की घटना को लेकर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया



**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**प्रयागराज।** हापुड़ की घटना को लेकर न्याय दिलाने के लिए गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ मंत्री प्रत्याशी. पूर्व कोषाध्यक्ष रत्नेश शुक्ला के अगुवाई में अधिवक्ताओं ने धरने पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अरविंद त्रिपाठी, एडवोकेट, विकास पाण्डेय, रामसुंदर बिंद, आदि सैकड़ो से अधिक भारी संख्या में अधिवक्ता साथी शामिल रहे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

यह घटना गुरुवार शाम करीब 5:08 बजे हुई। हादसे के समय भारी बारिश हो रही थी और एयरपोर्ट पर 700 मीटर की दृश्यता थी। माना जा रहा है कि कम दृश्यता होने की वजह से विमान जैसे ही रनवे-27 पर उतरा फिसल गया। चार्टर्ड विमान में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे। जिसमें से तीन लोग घायल हुए है। हालाँकि विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। फिलहाल जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि रनवे को कितना नुकसान हुआ है।

हादसे का शिकार विमान भोपाल स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी दिलीप बिल्डकॉन का बताया जा रहा है। हादसे में छोटे विमान का आगे का हिस्सा टूट गया है। विमान के दोनों पायलट गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस दुर्घटना के कारण देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में से एक मुंबई एयरपोर्ट पर उड़ानें बाधित हो गई। हालाँकि सुरक्षा जांच के बाद शाम 6 बजकर 47 मिनट पर डीजीसीए की मंजूरी के बाद रनवे को खोल दिया गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय भी हादसे पर नजर बनाये हुए है।

## अंडरवियर और बच्चे के डायपर में छुपाया था 2 करोड़ का गोल्ड

मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग ने मंगलवार को सिंगापुर से आये एक भारतीय परिवार को रोका। चेकिंग के दौरान उनके पास दो किलो 24-कैरेट गोल्ड का पाउडर बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 1.05 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि यात्रियों ने अपने अंदरूनी कपड़ों और अपने तीन साल के बच्चे के डायपर में तस्करी का सोना छुपाया था। अधिकारियों ने बताया कि परिवार इंडिगो की उड़ान 6-ई 1012 से सिंगापुर से मुंबई आया था और वह मुंबई से चेन्नई जाने वाला था। दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जो भारत के ही नागरिक है। दोनों अभी न्यायिक हिरासत में है।

मुंबई सीमा शुल्क अधिकारी के अनुसार, सोने के पाउडर की की कीमत 1,05,27,331 रुपये है। तस्करी का सोना दंपति और उनके तीन साल के बच्चे के अंडरगारमेंट्स में छिपाई गई थी। मामले की अधिक जांच चल रही है।

हाल ही में डीआरआई ने दुबई से मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई। इस कार्रवाई में करीब साढ़े चार करोड़ रुपये का 7.4 किलो सोना भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सलीम सगीर इनामदार (43 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रायगढ़ जिले का रहने वाला है। वह इस सिंडिकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। सलीम अपने बड़े भाई साजिद के साथ दुबई से सोना तस्करी का रैकेट चला रहा था।

## भीख मंगवाने के लिए 2 हजार में खरीदी लड़की, टॉर्चर किया... अब 15 लोगों पर एफआईआर


पुलिस के मुताबिक, अनिल हीरा पवार और नीलाबाई अनिल पवार की कुल छह बेटियां हैं और उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसलिए अनिल जाधव ने पिता (अनिल पवार) को दो हजार रुपए देकर सोनाली को गोद ले लिया। वह फिर सोनाली को पुणे लेकर आए।

पुणे के येरवडा इलाके में मासूम से जबरन भीख मंगवाया जाता था और जब उसे भीख में अच्छे पैसे नहीं मिलते तो आरोपी उसकी पिटाई भी करते थे। शुभम लोखंडे को जब इसके बारे में पता चला तो उन्होंने येरवडा पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की और करवाई शुरू की।




# जाति प्रमाण पत्र की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले इंजीनियर खेमचंद कोली

**नई दिल्ली/सुरेश कोहली ।** कांठ-जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में कोली/कोरी समाज की समस्याओं (जाति प्रमाण पत्र तुरंत प्रभाव से जारी किए जाने हेतु) के समाधान हेतु आज अखिल भारतीय युवा कोली कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचंद कोली एसडीएम नरेंद्र सिंह से मिलकर समस्या के बारे में अवगत कराते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा है जिसमे कोली समाज की जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी कई समस्या है। मिली जानकारी के अनुसार जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी श्री राधे श्याम भुर्न्ईयार, कमलेश भुर्न्ईयार, सुरेश चंद्र भुर्न्ईयार, राजपाल भुर्न्ईयार, रविदत्त , बिट्टु भुर्न्ईयार और अन्य समाज बंधुओ ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । एसडीएम नरेंद्र सिंह ने समस्या के तुरंत समाधान के लिए एक कमेटी का गठन भी कर दिया है एसडीएम ने आश्वासन दिया है की आपकी मांगों पर जल्द सुनवाई की जाएगी।



स्टेनलेस उत्कृष्टता को अपनाने के लिए मुंबई में ग्लोबल स्टेनलेस स्टील एक्सपो 2023 का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि, ओडिशा सरकार के प्रमुख सचिव (उद्योग) श्री हेमंत शर्मा, जिदल स्टेनलेस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अभ्युदय जिंदल,, जीएसएसई स्टियरिंग कमेटी और इस्पात मंत्रालय की पूर्व सचिव डॉ अरुणा शर्मा और विर्गो कम्युनिकेशंस और एक्जिबिशंस की डायरेक्टर सुश्री अनिता रघुनाथ



भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र वरिष्ठ कामगार नेता हरिनाथ तिवारी का जन्म दिवस आदर्श सेवा समिति द्वारा संचालित आदर्श नाइट हाइस्कूल वरली कोलीवाड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उक्त अवसर वरली भाजपा मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालगोविंद तिवारी व शिक्षक प्रकाश राठोड़

# समस्तीपुर रेल मंडल में मनाया हिंदी दिवस



**समस्तीपुर/(जकी अहमद)।** समस्तीपुर रेल मंडल में हिंदी दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव ने राजभाषा पखवाड़ा - 2023 का दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन किया एवं इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत उन्होंने रेल मंत्री द्वारा जारी हिंदी दिवस संदेश को पढ़कर सभी उपस्थित सदस्यों को सुनाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का अंग एवं प्रेरणास्त्रोत रहने के कारण ही संविधान निमार्ताओं ने 14 सितंबर,1949 को हिंदी को राजभाषा का स्थान दिया एवं इसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन को हिंदी दिवस के तौर पर मनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी भाषा ने राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने में सशक्त भूमिका अदा की है। उन्होंने आम जनता की भाषा हिंदी भाषा को सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक प्रयोग में लाने पर बल दिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी रेलकर्मियों से हिंदी के विकास व प्रसार का कार्य पूर्ण निष्ठा से करने का आह्वान किया। उन्होंने राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में सभी को योगदान देने के लिए प्रेरित किया। हिंदी दिवस के महत्व को बताते हुए अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक ।। ने कहा कि हिंदी दीर्घकाल से ही अखंड भारत के जन - जन के पारस्परिक संपर्क की भाषा रही है तथा अपनी भाषिक समृद्धि, सरलता एवं सांस्कृतिक एकता के कारण भारत के एक कोने से दूसरे कोने तक लोकप्रिय है। यह भारत की विविधता में एकता और प्रगति के संकल्प की भाषा है। हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर उन्होंने सभी से अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने के लिए आग्रह किया। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें जून / 2023 तिमाही के दौरान मंडल में राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। राजभाषा अधिकारी सह सहायक कार्मिक अधिकारी ने हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं कार्यशाला, प्रश्नोतर तथा अंतर्विभागीय राजभाषा प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से सभी को बताया एवं सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी से योगदान देने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर मंडल के सभी विभाग के अधिकारियों एवं स्टेशनों से सदस्यों ने अपने विभाग एवं स्टेशन पर हो रहे हिंदी में कार्य के संबंध में अध्यक्ष को अवगत कराया। राजभाषा अधिकारी सह सहायक कार्मिक अधिकारी । द्वारा बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन शाहपुरा जिला में करने का निर्णय लिया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़।** राजस्थान मेवाड़ के प्रसिद्ध पवित्र तीर्थ स्थल त्रिवेणी धाम में मांडलगढ़ ब्लॉक में भीलवाड़ा जिले की अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ मुख्य उद्देश्य जिला शैक्षिक सम्मेलन शाहपुरा में विशाल सम्मेलन का आयोजन करने निर्णय लिया गया ।बैठक में जिला अध्यक्ष शाहपुरा किशन सिंह राठौड़, आईटी सेल प्रदेश प्रभारी व जिला संरक्षक शाहपुरा एवं संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुरा गजराज सिंह राठौड़, जिला भीलवाड़ा अध्यक्ष ललित कुमार तिवारी ,जिला उपाध्यक्ष शाहपुरा अजीज मोहम्मद मंसूरी, जिला महामंत्री राधेश्याम बलाई, कोषाध्यक्ष गोपी चंद बंजारा के सानिध्य में संपन्न हुई । इस अवसर मांडलगढ़ ब्लॉक के अध्यक्ष मथुरा लाल माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधा कृष्ण लक्षकार, श्याम सिंह राजावत, हिम्मत सिंह शक्तावत, भगवान लाल बेरवा, लालाराम बेरवा, अनिल पारीक, जगदीश चंद्र सोनी, विमलेश कुमार वैष्णव, श्याम लाल माली, राजेश कुमार शर्मा प्रबोधक सहित अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे ।साथ ही नवीन पद पर आसीन मांडलगढ़ ब्लॉक के एसीबीओ प्रथम दिनेश पुरोहित का भव्य स्वागत किया गया। उक्त जानकारी गजराज सिंह राठौड़ ने राजस्थान संपादक भैरू सिंह राठौड़ को दी है।



# पूर्व मंत्री ने अमृत कलश में संग्रहित की मिट्टी,ग्रामीणों के उत्साह से उमड़ी भीड़

**हाफिज नियामत/जौनपुर।** पूर्व मंत्री एवं अवार्चीन भाजपा नेता जगदीश सोनकर ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत बरसठी मंडल के दो पंचायतो मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया ।बुधवार को बुदाबादी के बीच पूर्व मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों, ग्रामीणों के साथ विभिन्न घरों पर जाकर गांव की पवित्र मिट्टी अमृत कलश में संग्रहित किया ।उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रत्येक गांव-घर की एक चुटकी मिट्टी अमृत कलश में एकत्रित कर उन्हें दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका में प्रयोग किया जाएगा। यह पहल देश के सभी स्तरों पर एकता और गर्व का प्रतीक है। खुआवा ग्राम पंचायत स्थिति श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे दर्शन-पूजन करके प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया इस दौरान उन्होंने कहा कि, मेरी माटी-मेरा देश अभियान कार्यक्रम में आना बड़े ही सौभाग्य की बात है श्री संकट मोचन के पावन धरा पर हम सभी धन्य हो गए ।उन्होंने बताया कि, पीएम मोदी के आवाह्न पर मेरा माटी-मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया है यह हमारी एकता को दशार्ती है। भारत लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृव में 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करेंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि, अभियान से गांवो मे देशभक्ति की अलख जगी है। भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी इंद्रेश तिवारी ने सभी को पंच प्रण की शपथ दिलाई ।इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय सोतीपुर पर ग्राम प्रधान पति विवेक दुबे के नेतृव मे आयोजित मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाल कर हर घर मिट्टी संगृहीत की गई। सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया ।इस मौके पर पूर्व प्रधान घनश्याम दुबे, उमाशंकर शुक्ला, मिलिंद शुक्ला, अशोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला 'ढब्लू' प्रधान सर्वेश शुक्ला, हरिश्याम पांडेय, गजेंद्र दुबे, संजय कुमार, जिलाउपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, जिला मंत्री कमलेश सिंह, मंडल मंत्री चंद्रकेश शुक्ला, मृत्युंजय शुक्ला, हेमराज मिश्रा, जेपी मिश्रा, रतन श्रीवास्तव, अवधेष शुक्ला, शिक्षक योगेश त्रिपाठी, विशाल शुक्ला, बीडीसी शनि सिंह, ऋषिकेश पांडेय, सतीश दुबे, अतुल दुबे, विनोद पाल, राहुल सिंह, विजय, बृजेश सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मुकेश सिंह 'बिसेन' ने किया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से उपनिरीक्षक राजकुमार यादव मय हमराह मौजूद रहे ।




# राष्ट्रीय ओलमा कौन्सिल की मासिक बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**हाफिज नियामत/जौनपुर।** राष्ट्रीय ओलमा कौन्सिल जौनपुर यूनिट ने आज शहर के हिंदी भवन में अपनी मासिक बैठक आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना मुक़्तदा हुसैन खैरी ने की और मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह व प्रवक्ता एडवोकेट तलहा रशादी व नुरुल हुदा अंसारी उपस्थित रहे। इस मौके पर सबसे पहले जिला निवासी नव नियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा पिछ्ले दिनों लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना आमिर रशादी के समक्ष सपा छोड़ ओलमा कौन्सिल जॉइन करने पर व पद दिए जाने पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मो.शहाबुद्दीन साहब,प्रदेश सचिव मौलाना मतिउद्दीन साहब का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा साथ ही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शाहिद खान,यूथ जिलाध्यक्ष आतिफ नसीम को बनाये जाने पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने ने मिठाई खिला व माला पहना कर स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद पार्टी बैठक हुई जिसमें संगठन समीक्षा हुई तथा आगामी 19 सितम्बर को बटला हाउस फर्जी इनकाउंटर की बरसी पर न्यायिक जांच की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन देने की बात तय हुई व आगामी 4 अक्टूबर को ₹पार्टी स्थापना दिवस₹ पर लखनऊ में प्रस्तावित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को कामयाब बनाने तथा जौनपुर जिले से ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई।



बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट तलहा रशादी ने कहाकि कि, ओलमा कौन्सिल ने इन मजलूमो,शोषितों,पीड़ितों को आवाज दी है,हमे मिलकर इस आवाज को धार देना है होगा और संगठित होकर भाजपा के कुशासन और विपक्षीय दलों की निष्क्रियता से जनता को अवगत कराना होगा। मुसलमानों का वोट तो सभी को चाहिए पर हिस्सेदारी कोई नही देना चाहता,आज मुसलमानों के लिए न तो भाजपा के ठऊअ में जगह है और न ही कांग्रेस के क्ठऊक्क्ऊ, ये मुसलमानों की राजनैतिक स्तिथि है, ऐसे में आपकी आवाज आपकी अपनी ताकत ही बन सकती है।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि संगठन को और मजबूत करते हुए जनसम्पर्क बढ़ाया जाए और नए लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए। 4 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित विशाल सम्मेलन को ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंच कर कामयाब बनाये। नुरूलहुदा ने कहाकि आज राष्ट्रीय ओलमा कौन्सिल प्रदेश में अपनी एक अलग आंदोलन वाली पहचान रखती है, हमे उस पहचान को मजबूत बनाना है और सड़क से सदन तक संघर्ष का रास्ता अपनाना होगा।

शहाबुद्दीन ने कहाकि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा और हर जिले से कर्मठ लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। मौलाना मतिउद्दीन ने कहाकि आम जनमानस में जनअभियान चला भाजपा का कुशासन और अन्य दलों की निष्क्रियता से अवगत कराया जाएगा। पार्टी स्थापना दिवस पर लखनऊ में होने वाले सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा लोगो को प्रोग्राम में शामिल करने की कोशिश की जाएगी। जिलाध्यक्ष शाहिद खान ने जिला संगठन को मजबूत करने तथा गाओं गाओं में संगठन को सुचारू करने पर जोर दिया ।मौलाना मुक्तदा हुसैन खैरी ने कहाकि पार्टी को मजबूत करना ही हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। प्रोग्राम का संचालन अंसार अहमद ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से फारूक खान,मसूद सिद्दीकी,शाह आलम,समीरखान,अब्दुल्लाह सिद्दीकी,कमालुद्दीन,हाशिम,हाफिज अब्दुल्लाह, हाफिज सनाउल्लाह,मोहसिन, सलाम दादा संतोष निगम,विनोद यादव तथा जिले के तमाम अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य अभियन्ता विद्युत ने किया तेलियरगंज एवं गोविंदपुर पावर हाउस का निरीक्षण

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**प्रयागराज।** गुरुवार को मुख्य अभियन्ता विद्युत वितरण प्रयागराज मंडल प्रमोद कुमार सिंह ने तेलियरगंज एवं गोविंदपुर पावर हाउस का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को मिलती रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाय लोकल फाल्ट को शिकायत मिलने पे समय पर सही किया जाय तथा विद्युत चोरी किसी हालत में नहीं होनी चाहिए विद्युत चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता टैगोर टाउन महेन्द्र प्रसाद, उप खंड अधिकारी तेलियरगंज अंकित सिंह, आदि मौजूद रहे।





# विशेष कार्यकारी अधिकारी के रूप में सय्यद मोहम्मद शमीम की नियुक्ति

**मुंबई हलचल/ सलीम सय्यद ।** मुंबई की जानी-मानी सामाजिक संस्था अनम फाउंडेशन के संस्थापक व अध्यक्ष सय्यद मोहम्मद शमीम 2013 से सामाजिक कार्य कर रहे हैं ! कोरोना काल में भी सय्यद मोहम्मद शमीम के द्वारा बहुत सारे सामाजिक कार्य किए हैं और सय्यद मोहम्मद शमीम के कार्य से प्रभावित होकर पालक मंत्री, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस एवं महाराष्ट्र राज्य पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा व मुंबई के जिल्हा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र ब. भोसले जी द्वारा चेतना महाविद्यालय में विशेष कार्यकारी अधिकारी (एसईओ) के नियुक्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

बता दें की काफी सालों तक संघर्ष मेहनत करने के बाद फिर जाकर सय्यद मोहम्मद शमीम को कलेक्टर की तरफ से यह पोस्ट मिला और सय्यद मोहम्मद शमीम को एसईओ के रूप में नियुक्त हुए सय्यद मोहम्मद शमीम को सामाजिक कार्य के लिए (एसईओ) के पद की आवश्यकता थी ताकि काम सामाजिक कार्य में बाधा न बने (एसईओ) के पद की नियुक्ति पर ₹अनम फाउंडेशन₹ के संस्थापक व अध्यक्ष सय्यद मोहम्मद शमीम ने कहा कलेक्टर की तरफ से यह पोस्ट मिला उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

**उत्तराखंड हलचल**

# प्रमेन्द्र डोबाल (आईपीएस) को चमोली पुलिस द्वारा शुभकामनाओं सहित दी गई भावभीनी विदाई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** पुलिस अधीक्षक चमोली के पद से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार स्थानान्तरण होने पर प्रमेन्द्र डोबाल (आईपीएस) को चमोली पुलिस द्वारा शुभकामनाओं सहित दी गई भावभीनी विदाई आज दिनाँक 14.09.2023 को प्रमेन्द्र डोबाल (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक चमोली के जनपद चमोली से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार स्थानान्तरण होने पर के सम्मान में पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में समस्त थाना/शाखा प्रभारी/पुलिस लाईन/पुलिस कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति में भाव-भीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मगणों द्वारा आदेश-निर्देशों का पालन कर कतर्व्यनिष्ठता एवं टीम वर्क के साथ किये गये कार्यों की सराहना की गयी। जनपद में जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ UPWWA के अर्न्तगत पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा भी प्रत्येक



कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किये जाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक चमोली के पद पर रहते हुए जनपद को नशा मुक्त बनाने की पहल सराहनीय रही, महोदय द्वारा देश के भविष्य युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए जनपद स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ नशा तस्करों पर लगातार कार्यवाही की गयी, पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनपद में साइबर जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही साइबर फ्रॉड कर रहे कई शातिर अपराधियों को गैर प्रान्त से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के प्रारम्भ होने पर श्री बद्रीनाथ धाम एवं हेमकुण्ड साहिब में के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा एवं विगत वर्षों से काफी अधिक संख्या में यात्रियों का आगमान हुआ। वर्ष 2023 में अब तक रिकार्ड 12 लाख 65 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री बद्रीनाथ धाम एवं 01 लाख 52 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब दर्शन किये गये हैं। प्रमेन्द्र डोबाल, पुलिस अधीक्षक चमोली के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा विषम परिस्थितियों में भी श्रद्धालुओं को सुगम, सुचारू और सुरक्षित यात्रा कराई गयी, जिसकी प्रसंशा देशभर से आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ विदेश से आये पर्यटकों द्वारा भी की गई।

विदाई समारोह कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित अधि0/कर्मगणों द्वारा महोदय मृदुभाषी, सहनशील एवं उदार स्वभाव के पुलिस अधिकारी होने की बात बताते हुए महोदय के साथ किये गये कार्यो का अनुभव व्यक्त किया। साथ ही को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाओं के साथ भाव-भीनी विदाई देकर विदा किया।

# एएचटीयू पिथौरागढ़ द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र/छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** एएचटीयू पिथौरागढ़ द्वारा आदर्श राजकीय इण्टर कॉलेज आठगाँव शिलिंग में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र/छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी।*

पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के आदेशानुसार, पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जनजागरुकता कार्यक्रम के तहत आज दिनाँक- 14.09.2023 को एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पिथौरागढ़ एवं कार्ड संस्था* द्वारा संयुक्त रुप से आदर्श राजकीय इण्टर कॉलेज आठगाँव शिलिंग* में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर, छात्र/ छात्राओं की करियर काउंसलिंग करने के साथ-साथ सभी को नशे



के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा यातायात नियमों की जानकारी, बाल अपराध, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षावृत्ति, साइबर क्राइम, मानव तस्करी तथा उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति आदि के साथ-साथ डॉयल- 112, महिला हेल्पलाइन नं0- 1090, साइबर हेल्पलाइन नम्बर- 1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी शिकायत किये जाने हेतु जागरुक किया गया । सभी छात्र- छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने एवं नाबालिग द्वारा वाहन चलाते हुए पाये जाने पर उनके परिजनों के विरुद्ध होने वाली वैधानिक कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस दौरान एच0सी0पी0 श्रीमती तारा बोनाल, हे0 का0 दीपक खनका, का0 निर्मल किशोर, का0 रणवीर कम्बोज एवं कार्ड संस्था से सुनीता चन्द तथा श्रीमती लता पन्त सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस पिथौरागढ़ ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की दी विस्तृत जानकारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पिथौरागढ़ के तत्वावधान में दिनांक- 01 सितम्बर 2023 से 15 सितम्बर 2023 तक जनपद पिथौरागढ़ में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के निर्देशन में आज दिनांक- 14.09.2023 को जिला विधक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा श्रीमती विभा यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक यातायात, प्रताप सिंह नेगी* के नेतृत्व में उ0नि0 यातायात दरबान सिंह, हे0 का0 दीपक रिंगवाल,



हे0 का0 संजय कन्याल, का0 बिपिन बोहरा* द्वारा मा0 न्यायालय सभागार में उपस्थित विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए, सड़क दुर्घटना के कारण, दुर्घटनाओं से बचने के उपाय, नाबालिग द्वारा वाहन न चलाने, स्टन्ट ड्राइविंग न करने/दोपहिया वाहन में बिना हेल्मेट/ तीन सवारी बैठाकर वाहन न चलाने आदि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा रोड साइन, रोड के प्रकार, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बर, ट्रैफिक आई एप, उत्तराखण्ड पुलिस एप आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## घर से निकले बालक को रुद्रप्रयाग पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** दिनांक 12 सितंबर 2023 को चौकी लैंचोली क्षेत्रान्तर्गत छानी कैम्प क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग बालक को अकेले घूमते हुए पाया गया। इस बालक से पूछताछ की गयी कि उसके अन्य परिजन कहाँ हैं, जिस पर उसके द्वारा यहाँ तक अकेले ही आना बताया गया। इसके घरवालों से सम्पर्क स्थापित करने पर ज्ञात हुआ कि यह उनके घर पर नहीं है, और न जाने कहाँ चला गया है। इसके द्वारा बताया गया कि वह अपने घरवालों की डॉट से नाराज होकर यहाँ तक आ गया था। इस बालक के सम्बन्ध में वहां की स्थानीय पुलिस और घर वालों को पुलिस को स्तर से सूचना दी गयी है कि



वे अपने बालक को लेने सोनप्रयाग तक आ जायें, बालक कृष पुत्र सुरेंद्र निवासी बनौली थाना लोनी जिला गाजियाबाद को सोनप्रयाग भिजवाया गया।दिनांक 13 सितम्बर 2023 को बालक के पिता सुरेन्द्र सिंह व भाई संजय के सोनप्रयाग पहुंचने पर बालक को उनके सुपुर्द किया गया, उनके द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अपने नजदीकी पुलिस थाना लोनी पर इसकी गुमशुदगी भी दर्ज करायी गयी थी। अपने पाल्य को सकुशल व सुरक्षित पाकर उनके द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार प्रकट कर अपने गन्तव्य के लिए प्रस्थान किया गया।

## शराब के नशे में वाहन चलाने व लड़ाई- झगड़ा कर शांति भंग करने पर कुल-02 लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शराब के नशे में वाहन चलाने व लड़ाई- झगड़ा कर शांति भंग करने पर कुल-02 लोगों को किया गिरफ्तार तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने व मिशन मर्यादा के तहत कुल- 74 लोगों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही।पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के निर्देशानुसार, जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब की बिक्री व तस्करी करने/ होटल- ढाबों की आड़ में शराब पिलाने/ बेचने वालों/ मिशन मर्यादा व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध की जा रही कड़ी वैधानिक कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़, चंचल शर्मा* के नेतृत्व में उ0नि0 बबीता टम्टा* द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान वाहन चालक, सुनील उपरारी पुत्र माधो सिंह, निवासी- जी0आई0सी0 रोड पिथौरागढ़ उम्र- 25 वर्ष* को शराब के नशे में मदहोश होकर बिना डी0एल0/बिना आर0सी0/ बिना बीमा के वाहन चलाने पर एम0वी0 एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वाहन सीज किया गया।

## नाबालिग गुमशुदा 02 बच्चों को चमोली पुलिस ने गैर जनपद हरिद्वार से सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** ऑपरेशन स्माइल के तहत नाबालिग गुमशुदा 02 बच्चों को चमोली पुलिस ने गैर जनपद हरिद्वार से सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द दिनांक 12.09.23 को दो स्थानीय निवासियों द्वारा कोतवाली कर्णप्रयाग पर आकर सूचना दी गयी की उनके 02 नाबालिग पुत्र उम्र 14 वर्ष एवं 11 वर्ष दिनांक 11.09.23 को सांय को बिना बताए घर से कहीं चले गए है व काफी ढूँढखोज करने के पश्चात भी दोनों का कोई पता नहीं चल पाया है, उनमें से एक नाबालिग के पास मोबाइल फोन है लेकिन वह लगातार बन्द आ रहा है। प्रकरण नाबालिग से सम्बन्धित होने के कारण पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल* के तहत तत्काल पुलिस टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह* के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही टैक्सी व अन्य वाहन चालकों से गहन पूछताछ करते हुए सर्विलांस सेल की टैक्निकल टीम की भी सहायता ली गयी।

# रंग निखारने से स्किन को जवां रखने तक, मलाई है इतनी फायदेमंद



अधिकतर लोग जानते हैं कि मलाई सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है। कुछ लोगों को इसका स्वाद बेहद पसंद आता है, तो वहीं कुछ लोग इसमें मौजूद ज्यादा फैट की वजह से इसके सेवन से बचते हैं। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी सेहत के लिए फायदेमंद मलाई स्किन को खूबसूरत बनाने में भी बेहद लाभकारी होती है।

➤➤ दूध में मौजूद परत जिसे मलाई कहते हैं, वे स्किन के लिए बेस्ट मॉइस्चराइजर के तौर पर काम करती है। कुछ मिनटों तक चेहरे पर मलाई से मसाज करने से स्किन के डैमेज टीश्यूज रिपेयर हो जाते हैं, जिससे स्किन हेल्दी बनती है।

➤➤ मलाई सिर्फ स्किन को मॉइस्चराइज ही नहीं करती है, बल्कि इससे चेहरे पर ग्लो भी आता है। इसके लिए मलाई में थोड़ा सा शहद मिक्स कर के चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन पर चमक आएगी।

➤➤ आपको जानकर हैरानी होगी कि मलाई त्वचा की रंगत को भी निखारती है। मलाई में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पर मौजूद टैनिंग को दूर कर के स्किन को नेचुरल तरीके से निखारती है।

➤➤ कुछ लोगों के चेहरे पर अधिक काले धब्बे होते हैं, जिनपर कई महंगी क्रीम भी असर नहीं करती हैं। लेकिन अब आप अपने धब्बों से राहत पा सकते हैं। इसके लिए धब्बों पर मलाई लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। जल्दी असर चाहती हैं तो मलाई में थोड़ा सा नींबू का रस मिला कर लगाएं। मलाई के सूखने पर ताजे पानी से मुंह धो लें। जल्दी फर्क नजर आने लगेगा।

➤➤ रोजाना चेहरे पर मलाई लगाने से चेहरा लंबे समय तक जवां रहता है। मलाई में मौजूद प्रोटीन और विटामिन स्किन में कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे स्किन जवां बनी रहती है।

# क्यों फायदेमंद है आपके लिए हरी मिर्च और क्या हैं इसके लाभ

ज्यादा तीखा या मसालेदार खाना खाने से आपको सीने और पेट में जलन के साथ ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यदि आप हरी मिर्च का सेवन करते हैं, तो तीखे स्वाद का लुत्फ उठा सकते हैं। हरी मिर्च में कई पोषक तत्व जैसे- विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाईड्रेट मौजूद होते हैं। यही नहीं इसमें बीटा कैरोटीन और क्रीप्टोक्सान्थिन आदि स्वास्थ्यवर्धक चीजें भी मौजूद हैं। जानते हैं हरी मिर्च खाने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं...

**➤➤हरी मिर्च के फायदे**

तीखी हरी मिर्च का सेवन सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है। ये त्वचा से लेकर शरीर के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत करती हैं। रोजाना हरी मिर्च का सेवन करने से सेहत दुरुस्त रहती है। हरी मिर्च में कैप्सियासिन नामक यौगिक मौजूद होता है, जो इसे मसालेदार बनाता है। मिर्च खाने से खून साफ होता है और नसों में खून का फ्लो तेजी से होता है, जिससे चेहरे पर पिंपल्स की समस्या नहीं होती। मिर्च में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी और विटामिन ई पाया जाता है।

**➤➤एंटी एंटीऑक्सीडेंट से है भरपूर**

लाल मिर्च केवल हमारी जीभ को ही संतुष्ट नहीं करती है बल्कि हमें कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी देती है। आप अपने आहार में चाहे हरी मिर्च का सेवन करें या लाल मिर्च का सेवन करें, दोनों में ही भरपूर मात्रा में एंटी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो भरपूर खाद्य पदार्थ ऑक्सीकरण की प्रक्रिया को समाप्त करने में मदद करते हैं जिससे कोशिकाएं स्वस्थ होती हैं।

**➤➤ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है**

जिस व्यक्ति का ब्लड सर्कुलेशन जितना अच्छा होगा उसका इम्यूनिटी लेवल उतना ही मजबूत होता है। हमारे पूरे शरीर में न्यूट्रिएंट्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोन्स, हीट और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम रक्त ही करता है। चाहे लाल हो या हरी मिर्च उसमें इतनी क्षमता होती है कि उसके सेवन से हमारा ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और हम स्वस्थ्य रहते हैं।

**➤➤इम्युनिटी मजबूत होती है**

मिर्च में मौजूद विटामिन सी, फ्लेवेनॉइड्स, पोटेशियम और मैंगनीज लाभदायक है। जिस व्यक्ति का इम्यून सिस्टम जितना मजबूत होगा वह उतना ही स्वस्थ्य रहता है। इम्यूनिटी सिस्टम यानि रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने का काम भी ब्लड ही करता है। एक सीमित मात्रा में लाल या हरी मिर्च का सेवन करने से इम्यून सिस्टम काफी मजबूत होता है।

**➤➤कैंसर का खतरा कम करती है**

हरी मिर्च खाने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। मर्दों को हरी मिर्च खानी चाहिए क्योंकि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर का खतरा रहता है। वैज्ञानिक शोधों ने यह साबित किया है कि हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है।

**➤➤त्वचा**

हरी मिर्च या फिर शिमला मिर्च में आकपो काफी ज्यादा विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट मिल जाएगा। एंटीऑक्सीडेंट हमारी त्वचा और सेहत के लिये बहुत अच्छा माना जाता है। मिर्च खाने से चेहरे पर जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ेंगी। हरी मिर्च में बहुत सारा विटामिन ई होता है जो कि त्वचा के लिये फायदेमंद प्राकृतिक तेल का प्रोडक्शन करता है। तो अगर आप तीखा खाना खाती हैं तो आपकी त्वचा अपने आप ही अच्छी हो जाएगी।



**➤➤बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव**

हरी मिर्च में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कि संक्रमण को दूर रखते हैं। हरी मिर्च को खाने से आपको स्किन रोग नहीं होगा।महिलाओं में अक्सर आयरन की कमी हो जाती है लेकिन अगर आप हरी मिर्च खाने के साथ रोज खाएंगी तो आपकी यह कमी भी पूरी हो जाएगी।

**➤➤आंखों की रोशनी**

हरी मिर्च में कई तरह के पोषक तत्व तो मौजूद होते ही हैं। साथ ही हरी मिर्च खाने से आंखों की रोशनी भी तेज होती है। हमेशा कोशिश करें कि खाने में लाल मिर्च को शामिल करने के बजाए हरी मिर्च का इस्तेमाल करें।

**➤➤दर्द कम करे, दमे, साइनस में मददगार**

हरी ताजी मिर्च का एक चम्मच रस शहद में मिलाकर खाली पेट खाने से दमे के रोगी को राहत मिलती है। इस का प्रयोग दस दिनों तक करने से लाभ होगा। वहीं, हरी मिर्च खाने से गर्मी निकलती है, दो प्रभावी दर्दनिवारक का काम करती है। इसमें कैप्सेइसिन मौजूद होता है, जो नाक में रक्त प्रवाह को आसान बनाता है। इससे सर्दी और सायनस की समस्या में राहत मिलती है।

**➤➤वजन घटाता है**

हरी मिर्च में कैलोरीज कम होती है। यह शरीर में अतिरिक्त फैट को बर्न करने में सहायता करती है और वजन पर नियंत्रण रखने में भी सहायक होती है। मोटापे से पीड़ित लोगों में कोलेस्ट्रॉल के स्तरों को कम करने में हरी मिर्चें काफी सहायक होती हैं। हरी मिर्च में मौजूद विटामिन के ओस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है।

# चेहरे के लिए आर्गन ऑयल से बढ़िया कुछ नहीं



इसमें कोई शक नहीं है कि आपके बालों के लिए आर्गन ऑयल जादू की तरह काम करता है। लेकिन इसके फायदे केवल बालों तक सीमित नहीं है। अगर आप अपनी त्वचा की ठीक तरीके से देखभाल करना चाहते हैं तो आर्गन ऑयल से बेहतर कोई और विकल्प नहीं है।

आर्गन ऑयल आपकी त्वचा को मॉइश्चराइज करता है। इस तेल में विटामिन ई, एंटीऑक्सिडेंट और ओमेगा फैटी एसिड्स मौजूद होते हैं। एक एक्सपर्ट के मुताबिक, आर्गन ऑयल आपकी तव्चा के लिए सबसे बेहतर सुपरफूड है। अगर आपको अपनी त्वचा बहुत ऑयली लगती है और किसी ग्रीस की दुकान की तरह नजर आने लगती है तो आपको बता दें कि यह तेल बहुत ही लाइट होता है। त्वचा इसे जल्द ही सोख लेती है।

आर्गन तेल अल्ट्रा-हाइड्रेटिंग और प्राकृतिक है। यह आपकी एक्सट्रा ड्राई और डैमेज स्किन को आसानी से ठीक करता है और बहुत जल्दी अवशोषित हो जाता है। इससे आपकी त्वचा में जलन भी नहीं होती है और साथ ही इसमें एक्जिमा, सोरायसिस, सूजन, और रोजेसिया जैसे त्वचा रोगों को नियंत्रित करने की शक्ति होती है। त्वचा को ऑयली बनाने के बजाए यह त्वचा से प्राकृतिक रूप से निकले तेल की मात्रा को भी नियंत्रित करता है।

आपकी आंखों के नीचे झुर्रिया पड़ी होती है। यह बहुत ही संवेदनशील हिस्सा होता है। यहां कुछ भी लगाने से जलन होने लगती है लेकिन आर्गन ऑयल के इस्तेमाल के साथ ऐसा नहीं है। यह पूरी तरह से प्राकृतिक है और आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह आपको जल्द उम्रदराज लगने से बचाता है।

आपकी त्वचा के लिए आर्गन ऑयल कितना फायदेमंद है, यह तो हम बता ही चुके हैं लेकिन यह लिप्स के लिए भी उतना ही असरदार है। सर्दियों में लिप्स पर आर्गन ऑयल लगाने से लिप बाम का काम अपने आप हो जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

